राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने 73 वें गणतंत्र दिवस पर राजभवन में झण्डा फहराया

जयपुर, 26 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 73 वें गणतंत्र दिवस पर बुधवार को राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धा नमन किया। उन्होंने इस मौके पर देश को सभी क्षेत्रों में अग्रणी करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस पर राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिठाई भी बांटी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।